एक नजर में

बदनावर में प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक

बदनावर। आगामी 28 एवं 29 मार्च को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर के संबंध में आज नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर के नेतृत्व में मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह प्रशिक्षण वर्ग 28 एवं 29 मार्च को प्रात: 9ः00 बजे से करिश्मा पैलेस, बदनावर में आयोजित होगा, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में महामंत्री संतोष राव, गौरव होती, उपाध्यक्ष पवन चावला, अंशुमान जोशी, रमेश पाटीदार, सुनील परमार, श्रीमती प्रीति रावल, मंत्री पीयूष मूणत, आशीष सोनी, चिंटू पाटीदार, अमर सिंह डावर, भेरूलाल डावर, गौरव जैन, श्रीमती अनिता संतोष चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान द्वारा दी गई।

आईजी पब्लिक ने दिया श्रेष्ठ परिणाम

बदनावर के प्रतिष्ठित विद्यालय आईजी पब्लिक स्कूल का कक्षा 8वीं और 5वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा द्य कक्षा 8वीं में आदित्य-ईश्वरसिंह जी दांगी ने 89त्न के साथ प्रथम स्थान ओर कक्षा 5वी में नितेश-कृष्णचंद्र जी पाटीदार 86त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य संस्था प्राचार्य ने सभी बच्चों को बधाई दी

महावीराचार्य पुरस्कार डॉ प्रगति जैन को प्रदान किया जाएगा

मनावर -जैन गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु गणिनी प्रमुख आर्यिकारत्न ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से त्रिलोक शोध संस्थान हस्तिनापुर द्वारा स्थापित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ प्रोफेसर डॉ अनुपम जैन परिवार इंदौर द्वारा प्रायोजित इस वर्ष का महावीराचार्य पुरस्कार मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर के गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रगति जैन को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अन्तर्गत शाल,श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 51 हजार रुपए की सम्मान निधि प्रदान की जाती है। पुरस्कार समर्पण समारोह 3 अप्रैल को दिगंबर जैन तीर्थ अयोध्या (उ प्र)में पूज्य ज्ञानमती माताजी एवं प्रज्ञा श्रमणी आर्यिका चंदनामती माताजी के सानिध्य एवं संस्थान के पीठाधीश स्वामी रवीद्रकीर्ति जी के निर्देशन में में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राजीव कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की पूर्व कुलगुरु डॉ रेणु जैन होंगी । अध्यक्षता करेंगे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के पूर्व निदेशक एवं आचार्य प्रोफेसर निलेश कुमार जैन। सारस्वत अतिथि यूजीसी एवं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के निर्देशक आनंद वर्धन शर्मा होंगे।धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि त्रिलोक शोध संस्थान हस्तिनापुर द्वारा गणित के क्षेत्र में विश्व का यह पहला पुरस्कार है जो त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा वर्ष 2021 में अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में स्थापित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ डॉ अनुपम जैन द्वारा प्रायोजित है। इस नियमित पुरस्कार का यह छठा वर्ष है। इसके पूर्व पांच गणितज्ञ विद्वानों को महावीराचार्य पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। श्रीमान संपादक महोदय कृपया विज्ञप्ति प्रकाशित कर अनुग्रहित करें धन्यवाद।

सिद्ध चक्र मंडल महामंडल विधान का आयोजन

इंदौर . 1008 सिद्ध चक्र मंडल महामंडल विधान का विधि विधान पूर्वक आर्यिका 105 विज्ञान मति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में उदय नगर जिनालय में समस्त उदय नगर समाज जन क़ी भागीदारी में संपन्न हुआ . सम्पूर्ण विधान के पुण्यार्जक संदीप पीसी जैन (गदिया) परिवार बने . समस्त मांगलिक क्रियाओं एवं पूजा के साथ हवन अनुष्ठान महायज्ञानायक पीसी जैन - निर्मला जैन के नेतृत्व में किया गया . सौधर्म इन्द्र संदीप राशि जैन ने बताया की हवन अनुष्ठान के तुरंत पश्चात् श्रीजी की शोभायात्रा रजत रथ पर मन्दिरजी से निकाली गई जो कि बंगाली चौराहे से होते हुए पुन : उदयनगर जिनालय पहुंची . उदय नगर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भरत जैन ने बताया कि श्री जी की शोभायात्रा में सम्पूर्ण उदय नगर समाज जन उपस्थित हुए . तत्पश्चात श्रीजी का अभिषेक सौधर्म इंद्र संदीप पीसी जैन एवं समस्त इंद्रगणो द्वारा किया गया . कुबेर इन्द्र बने सीए प्रतीक श्वेता जैन ने बताया कि अत्यंत भव्य एवं सुंदर सिद्ध चक्र मण्डल क़ी रचना क़ी गई जिस पर रोज़ाना कुबेर इन्द्र एवं धनश्री द्वारा रत्नो क़ी एवं पुष्प वृष्टि क़ी गई . रोजाना शाम को भक्तिमय आरती सौधर्म इन्द्र -शची इन्द्राणी बने संदीप राशि जैन द्वारा अत्यंत भक्ति भाव से समस्त इंद्र परिकर के साथ क़ी गई . मैना सुंदरी - श्रीपाल श्रिया अनीश जैन, चक्रवर्ती पारस आशा जैन, ईशान इंद्र राजेश बबीता जैन, सानत इंद्र अर्पित लीशा जैन, माहेंद्र इंद्र राजेश उषा जैन, ब्रह्मोत्तर इंद्र ललित किरण कोटिया, लोकांतिक देव श्रेयांस बजाज, यज्ञनायक व्रती टिकमचंद मंजू गोधा, शुक्र इंद्र संजय शर्मीला पाटनी, महाशुक्र इंद्र नीलेश रीना पाटनी बने . विशेष इंद्र के रूप में प्रजेश दीपा जैन, अशोक किरण जैन, भरत सपना जैन, राकेश ज्योति जैन, नीलेश वर्षा मोदी, संतोष मीना जैन सर, अनिल प्रतिभा बाँझल, दीपक प्रतिभा पाटनी का सहयोग रहा . सम्पूर्ण कार्यक्रम विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी विजय भैया लखनादौन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ .

समाज सेवकों को देवार्थ अवार्ड्स से किया सम्मानित

इंदौर . एडवांस्ड एकेडमी द्वारा देवार्थ अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन किया गया . इसमें शहर के उन 33 प्रेरणादायक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में अपने नि :स्वार्थ योगदान से सार्थक प्रभाव डाला है . इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के इन सच्चे नायकों ने यह साबित कर दिया कि नि :स्वार्थ भावना से किए गए समर्पण और लगन से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है . समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल भोरास्कर कमांडिंग ऑफिसर 2 एम.पी. आर्म्ड स्क्वाड्रन इंदौर उपस्थित रहे , जिन्होंने पुरस्कार विजेताओं के नि :स्वार्थ भाव एवं उनकी उत्कृष्ट सेवाओं की प्रशंसा की . समारोह में एडवांस्ड एकेडमी की छात्राओं द्वारा जोश भरी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।ज्योतिर्मय मूकबधिर विद्यालय बड़वाह के छात्रों द्वारा एक विशेष नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने समारोह में चार चाँद लगा दिए . विद्यालय की निदेशिका और देवार्थ अवॉर्ड्स की संस्थापक टिम्सी राय ने अपने संबोधन में समाज की सेवा करने वाले व्यक्तियों को पहचानने के महत्व पर ज़ोर दिया, जिससे सभी को सकारात्मक परिवर्तन में योगदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके . कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक अनिल राय, प्राचार्या उषा किरण तोमर, प्रबंधन सदस्यों और विशेष अतिथियों ने उपस्थित रहकर सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ दी .

सिल्क प्रदर्शनी में बुनकर प्रदर्शित कर रहे कला

इंदौर . सूरज की बढ़ती तपिश और बदलते मौसम के बीच, समर वेडिंग सीजन और आने वाले सामाजिक आयोजनों की तैयारियां भी अब परवान चढ़ने लगी हैं . ऐसे में, मौसम के अनुकूल सिल्क और कॉटन साड़ियों का स्पेशल कलेक्शन इंदौरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए, बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स पर भव्य सिल्क इंडिया% प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है . यह प्रदर्शनी खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो गर्मियों के विवाह समारोहों में भारी-भरकम कपड़ों के बजाय लाइट वेट और ब्रीदेबल हैंडलूम सिल्क को तरजीह देते हैं।25 मार्च से 31 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देशभर के बुनकरों द्वारा तैयार की गई सिल्क साड़ियों और एथनिक वियर की एक विस्तृत श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध है . चाहे पेस्टल शेड्स हों या गर्मियों के अनुकूल सिल्क का खास टेक्सचर, यहाँ आपको खरीदारी का एक शानदार अवसर मिलेगा।

कवि सम्मेलन में गूंजा वीरता, हास्य और भावनाओं का संगम, श्रोताओं ने जमकर लिया आनंद

बदनावर। नगर परिषद द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में वीर रस, हास्य रस और गीत-गजल की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा देशभर से पधारे कवियों का स्वागत कर किया गया।

सम्मेलन में वीर रस के कवि जगदीश सोलंकी (कोटा) और अशोक चारण (जयपुर), हास्य रस के बलवंत बल्लू (उदयपुर), अशोक नागर (शाजापुर), संजय खत्री (इंदौर) एवं गोपाल कावलिया (बदनावर), साथ ही गीत-गजल के शुभम त्यागी (मेरठ) और गीतकार अमितोष माथुर (बदनावर) ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि राकेश मोहन शर्मा (बदनावर) ने किया।

कवियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली से आई श्रृंगार रस की कवियित्री शुभम त्यागी ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसके बाद बदनावर के हास्य कवि गोपाल कावलिया ने गौमाता पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं से खूब दाद बटोरी। गीतकार अमितोष माथुर ने बेटियों पर भावपूर्ण रचना प्रस्तुत की, जिस पर श्रोताओं ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात बेटमा से आए हास्य कवि संजय खत्री ने अपने अनोखे अंदाज में हास्य कविताएं सुनाकर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। वीर रस के कवि अशोक चारण ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता से श्रोताओं में जोश भर दिया। हास्य कवि बलवंत बल्लू और अशोक नागर ने भी अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरीं। वहीं वीर रस के कवि जगदीश सोलंकी की ओजस्वी प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए राकेश मोहन शर्मा ने अपनी प्रतिनिधि कविताएं सुनाकर माहौल को जीवंत बनाए रखा। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

बखतगढ़ व ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज से होगा शुरू

तैयारियो को लेकर हुई बैठक, व्यवस्थाओ को लेकर की चर्चा,

बदनावर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों मंडलो के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे है। विधानसभा क्षेत्र के 3 मंडल नगर, ग्रामीण व बखतगढ़ मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शनिवार व रविवार को होंगे।

बखतगढ़ मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भेंसोला में स्थित एक निजी गार्डन में होंगॉ। जिसकी तैयारियो को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व प्रशिक्षण वर्ग के जिला सह संयोजक अक्षय शर्मा ने बैठक लेकर व्यवस्थाओ के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण सत्र में पंजीयन, भोजन, पेयजल, पार्किंग, ठहरने के लिए व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा कर अलग अलग व्यवस्था बांटी गई। इस मौके पर बखतगढ़ मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह राठौर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि बखतग? व ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शनिवार से शुरू होगा। जिसका समापन रविवार को होगा। ग्रामीण मण्डल का वर्ग यहां बड़ी चौपाटी के पास एक निजी पैलेस में होगा। मंडलो के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत सुबह 9 बजे से होगी। अपेक्षित नेताओ व कार्यकर्ताओ के पंजीयन के पश्चात सुबह 11 बजे से उद्घघाटन सत्र शुरू होगा। इसके बाद पहले दिन अलग अलग वक्ताओं द्वारा कुल छह सत्रों को संबोधित किया जाएगा। वही दुसरे दिन रविवार को अंतिम दिन दो सत्र होंगे। जिसमे वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा।

गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञ व कन्या भोज से नवरात्रि समापन

धार . गायत्री शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्रि पर्व श्रृद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के अंतिम दिवस राम नवमी पर आयोजित यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर गायत्री महामंत्र के साथ आहुतियां दी। यज्ञ के पश्चात श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया।

धार गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी रमेश चंद्र सचान ने बताया कि नवरात्रि उत्सव का समापन 28 मार्च शनिवार को पूर्णाहुति और कन्या भोज के साथ संपन्न होगा। शनिवार को प्रात: 9ः30 बजे से पंचकुंडीय यज्ञ एवं संस्कार का क्रम प्रारंभ होंगा।

यज्ञ की पूर्णाहूति के पश्चात 12 बजे से कन्या भोज और भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

महावीराचार्य पुरस्कार डॉ . प्रगति जैन को प्रदान किया जाएगा

मनावर -जैन गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु गणिनी प्रमुख आर्यिकारत्न ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से त्रिलोक शोध संस्थान हस्तिनापुर द्वारा स्थापित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ प्रोफेसर डॉ अनुपम जैन परिवार इंदौर द्वारा प्रायोजित इस वर्ष का महावीराचार्य पुरस्कार मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर के गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रगति जैन को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अन्तर्गत शाल,श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 51 हजार रुपए की सम्मान निधि प्रदान की जाती है।

पुरस्कार समर्पण समारोह 3 अप्रैल को दिगंबर जैन तीर्थ अयोध्या (उ प्र)में पूज्य ज्ञानमती माताजी एवं प्रज्ञा श्रमणी आर्यिका चंदनामती माताजी के सानिध्य एवं संस्थान के पीठाधीश स्वामी रवीद्रकीर्ति जी के निर्देशन में में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राजीव कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की पूर्व कुलगुरु डॉ रेणु जैन होंगी । अध्यक्षता करेंगे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के पूर्व निदेशक एवं आचार्य प्रोफेसर निलेश कुमार जैन। सारस्वत अतिथि यूजीसी एवं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के निर्देशक आनंद वर्धन शर्मा होंगे।धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि त्रिलोक शोध संस्थान हस्तिनापुर द्वारा गणित के क्षेत्र में विश्व का यह पहला पुरस्कार है जो त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा वर्ष 2021 में अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में स्थापित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ डॉ अनुपम जैन द्वारा प्रायोजित है। इस नियमित पुरस्कार का यह छठा वर्ष है। इसके पूर्व पांच गणितज्ञ विद्वानों को महावीराचार्य पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है।

रामनवमी पर 'रुक्मणी ट्रेडिंग' का भव्य शुभारंभ

कुक्षी। रामनवमी के पावन पर्व पर नगर के सिंघाना रोड स्थित रुक्मणी ट्रेडिंग इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर% के विशाल और आधुनिक शोरूम का गरिमामय शुभारंभ हुआ।

इस गौरवशाली अवसर पर विधायक हनी बघेल,भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, प्रदेश भाजपा नेता जयदीप पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा, वरिष्ठ नेता रामेश्वर गुप्ता, उद्योगपति व समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,आलोक सेठ गुप्ता,बाबूलाल गुप्ता,प्रो.अरविन्द गुप्ता,रोहित सेठ जैन,जीतेन्द्र सेठ,राजु डूंगरवाल,सीए राकेश गुप्ता और मनीष बाबा आदि नगर के गणमान्य जनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।भाजपा परिवार के सदस्यों द्वारा शोरूम संचालकों को भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट कर मंगलमय भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।आगंतुकों का आत्मीय अभिनंदन करते हुए शोरूम संचालक दीपक गुप्ता एवं नमन गुप्ता ने कहा की हमारा लक्ष्य क्षेत्र के लोगों ?ो एक ही छत के नीचे बेहतरीन क्वालिटी के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और आधुनिक फर्नीचर उपलब्ध कराना है।

एक नजर में

जिम्मेदारों की नाक के नीचे महीनों से हो रहा था पैथोलाजी का अवैध संचालन

सिविल हॉस्पिटल के पास बगैर परमिशन संचालित पैथोलॉजी को किया सील

सरदारपुर - सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर से महज 500 मीटर दूरी पर विगत कई माह से संचालित दक्ष पैथोलॉजी को गुरुवार को सील करने की कार्रवाई की गई द्य प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त पैथोलॉजी संचालक के पास डिग्री तो पाई गई किंतु पैथोलॉजी संचालन हेतु परमिशन नहीं होने के कारण सीलिंग की कार्यवाही की गई द्य उक्त जानकारी देते हुए सीबीएमओ डॉ शीला मुजाल्दा ने बताया कि कार्रवाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर की गई है द्य कार्रवाई के दौरान डॉक्टर मुजाल्दा डॉक्टर सचिन द्विवेदी दीपक सोलंकी के द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की जाकर प्रतिवेदन आगामी कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारी को भेजा गया है अब क्याहोता है देखना है इलाज

केनाम पर चांदी काट रहे बंगालियों का जमावड़ा हे तहसील में हर पंचायत में 2 से 3 बंगाली अपनी अवैध दुकान चला रहे हैं लोगों की जानजोखिम में डाल रंहे,ना कोई दिखने वाला है नासूनने वाला है जिम्मेदारों कि लापरवाही का खामी आजा भुगत रहे गमीण

श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक

धार. धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव कार्यक्रम शत बार होगा हनुमान चालीसा का पाठ नगर के अतिप्राचीन महावीर हनुमान मंदिर पर आगामी पर्व हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई जिसमें उस्ताद प्रहलाद यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम दो दिवसीय रहेगा जिसमें मंदिर पर आकर्षक विद्युतसज्जा कर भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया जाए जिसमें 1 अप्रैल बुधवार श्याम को भजन संध्या होगी 2 अप्रैल गुरुवार को प्रात: 6 बजे जन्मोत्सव महाआरती के पश्चात सुंदरकांड हवन होगा उसके बाद विश्व में चल रहे महायुद्ध की शांति एवं सनातन धर्म जागरण हेतु शत बार (सो बार) हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान किया जाएगा एवं शाम को महाआरती कर प्रसादी वितरण की जाएगी। जानकारी देते हुए यश गुर्जर द्वारा सभी भक्तों को जन्मोत्सव के उपलक्ष पर आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया